दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-324
मुरादाबाद
16 March 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## तमिलनाडु में गरजे प्रधानमंत्री: पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'INDI' के घोटाले गिनाए, कहा- सूची बहुत लंबी है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीएमके पर भी निशाना साधा। उन्होंने डीएम को को तमिलनाडु का दुश्मन बताया है। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं।लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रचार करने पहुंचे। यहां एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के घोटाले गिनवाए और कहा कि इसकी सूची बहुत लंबी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 卐आज कन्याकुमारी से देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है ये लहर बहुत दूर तक जाने वाली है। मैं 1991 में एकता यात्रा लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर गया था, इसबार मैं कश्मीर से कन्याकुमारी आया हूं। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को नकार दिया है। अब तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। मैं तमिलनाडू की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट देख रहा हूं।



तमिलनाडू में भाजपा का प्रदर्शन इस बार डीएमके और कांग्रेस के इंडी गठबंधन का सारा घमंड तोड़ कर रख देगा। पीएम मोदी ने आगे कहा, 卐हमने ऑप्टिकल फाइबर और 5त्र दिया, हमारे नाम पर डिजिटल इंडिया स्कीम है। इंडि गठबंधन के नाम पर लाखों करोड़ रुपए का 2त्र का स्कैम है, और डीएमके उस लूट की सबसे बड़ी हिस्सेदार थी। हमारे नाम पर उड़ान स्कीम है, इंडी गठबंधन के नाम हेलीकॉप्टर स्कैम है। हमारी खेलो इंडिया और टीओपीएस स्कीम्स से देश ने खेलों में ऊंचा मुकाम हासिल किया, लेकिन उनके नाम पर कॉमन वेल्थ गेम्स स्कैम का दाग है। इंडि गठबंधन और राज्य सरकार पर लगाए आरोप- पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इंडि गठबंधन कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता। उन्होंने कहा, इन लोगों (इंडि गठबंधन) का इतिहास घोटालो का है। इन लोगों की राजनीति का आधार लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना है। एक तरफ भाजपा की कल्याणकारी योजनाएं होती हैं, तो दूसरी ओर इनके करोड़ों के घोटाले होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीएमके पर भी निशाना साधा। उन्होंने डीएमको को तमिलनाडु का दुश्मन बताया है। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 卐डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, डीएमके तमिलनाडु के अतीत की, उसकी विरासत की भी दुश्मन है।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी। ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं।

ये हमारी सरकार है, एनडीए की सरकार है जिसने जल्लीकट्टू को पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने का रास्ता साफ किया। विपक्षी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, 卐जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरुप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया, उन्हें सेंगोल की स्थापना पसंद नहीं आई।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था, मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे, लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया था। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी। पीएम मोदी ने कहा कि इंडि गठबंधन के ये लोग तमिलनाडु के लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ के भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, श्रीलंका में हमारे मछुआरे भाइयों को फांसी की सजा दी गई थी, ये मोदी चुप नहीं बैठा। हर रास्ते का इस्तेमाल किया और हर प्रकार का दबाव बनाया और मैं उन सभी मछुआरों को श्रीलंका से फांसी के फंदे से उतारकर वापस लाया। तमिलनाडु के विकास पर की बात- पीएम मोद ने तमिलनाडु के विकास पर भी बात की। उन्होंने बताया कि राज्य में कनेक्टिविटी को विकसित करने के लिए वह रेलवे और हाईवे का नेटवर्क तैयार कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में लगभग 50,000 करोड़ रुपये का काम पूरा हो चुका है। वहीं 70,000 करोड़ रुपये की परियोजना का काम अभी भी जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर खीरी में भाजपा को झटका: श्याम किशोर ने दिया इस्तीफा, बसपा में शामिल

लोकसभा चुनाव से पहले लखीमपुर खीरी में भाजपा का झटका लगा है। श्याम किशोर अवस्थी ने भाजपा से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, बसपा धौरहरा लोकसभा सीट से उन्हें प्रत्याशी घोषित कर सकती है। लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी निवासी अवध क्षेत्र की कार्य समिति के सदस्य श्याम किशोर अवस्थी ने भाजपा से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया है। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, बसपा धौरहरा से उन्हें प्रत्याशी घोषित कर सकती है। दरअसल, बसपा को इस सीट के लिए ब्राह्मण चेहरे की ही तलाश है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को भेजे त्यागपत्र में श्याम किशोर अवस्थी ने बताया है कि वह स्वेच्छा से भारतीय जनता पार्टी के सभी दायित्वों और जिम्मेदारियों का त्याग कर रहे हैं। त्यागपत्र भेजे जाने की सूचना मिलने के बाद भाजपा खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। बताया गया कि वह एक सांसद के करीबी थे, लेकिन अनबन होने के बाद उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया और बसपा की सदस्यता ले ली है। बसपा जिलाध्यक्ष हेमराज वर्मा ने कहा कि श्यामकिशोर का बसपा में स्वागत है। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह का कहना है कि उन्हें इस्तीफे की जानकारी नहीं है। यामकिशोर के इस्तीफे से राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## सीएम योगी ने विश्वविद्यालय के लिए किया भूमि पूजन, बोले- हम कल्पना को कर रहे साकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर में माँ पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के लिए भूमिपूजन किया और जिले को 1,488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं की सौगात दी।जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कार्य किया था। हम सब इसी संकल्प के साथ सत्ता में आए हैं कि राजनीति का अपराधीकरण हर्गिज नहीं होने देंगे, जो भी हमारे नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसको उसकी कीमत चुकानी पड़गी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर में कोइलरा स्थित मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर की ?1,488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं और श्रावस्ती की



?260.37 करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है- अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी लाने का प्रयास हो रहा है। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां मां पाटेश्वरी की कृपा पूरे क्षेत्र में बरसती है। भारत और नेपाल के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने आते हैं। श्रावस्ती को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने अपनी राजधानी बनाया था। यही नहीं श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने चातुर्मास व्यतीत किया था। दसवीं ग्यारहवीं सदी में अपने शौर्य और पराक्रम से भारत की स्वाधीनता और स्वाभिमान को बनाए रखने वाले महाराज सुहेलदेव यहीं के राजा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का कार्य किया था। इसी धरती से हुई रामजन्मभूमि आंदोलन की शुरुआत -मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम के विराजमान होने के गौरवमयी क्षण के हम हाल ही में साक्षी बने हैं, उसके लिए 1949 से रामजन्म भूमि आंदोलन की शुरुआत इसी बलरामपुर की धरती से हुई थी। यहां लिया गया हर संकल्प अवश्य पूरा होता है। यहां राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख ने अपनी साधना से एक पहचान पाई थी। इसी धरती से अटल जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। ये धरती पहले से ही प्रकृति और परमात्मा की कृपा की धरती रही है, लेकिन चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने इस धरती के सौंदर्य को कुंद करने का कार्य किया था। राजनीति का अपराधीकरण इस पूरी व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा थी। अगले साल बलरामपुर को मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सुविधा- मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि देवी पाटन मंडल में कभी मेडिकल कॉलेज होंगे, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने बताया कि आज यहां 350 बेड वाले अस्पताल का उद्घाटन किया गया है। अगले वर्ष तक बलरामपुर जिले को मेडिकल कॉलेज भी हम देने जा रहे हैं। मार्ग, अनुसूचित जनजाति छात्रावास में अतिरिक भवन, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्याल, सेखुईकला में ट्रांजिट होस्टान, श्रावस्ती में खुर्शीद नाला से पूरे वाया होरी कला मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.000 से 7.000 तक (लंबाई-7 किमी) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, कटरा-लालबोझी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज-0.000 से 17.200 तक का 7 मीटर में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़िकरण, सेमगढ़ा एवं मोतीपुर में गोसंरक्षण केंद्र, मदारा में राजकीय पौधशाला, श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र का भवन, श्रावस्ती में जनपदीय ड्रग हाउस, श्रावस्ती पुलिस लाइन में 100 क्षमता का हॉस्टल/बैरक का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया।

## कांशीराम जयंती: मायावती बोलीं - केंद्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने को प्रयासरत रहे बहुजन समाज

बसपा संस्थापक कांशीराम के 90वें जन्मदिन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 90वें जन्मदिन पर शुक्रवार को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद अपने संदेश में कहा कि जातिवादी शक्तियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों षड़यंत्र से बचते-बचाते बहुजन समाज को केंद्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ मे लेने का चुनावी प्रयास जारी रखना है। तभी यहां सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आंदोलन की सफलता संभव है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुटने की अपील करते हुए कहा कि सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने के लिए तन, मन, धन की कुर्बानी देना जरूरी है। बहुजन समाज को जातिवादी व धन्नासेठ समर्थक विरोधी पार्टियों की साजिश, दावों और वादों से बचकर चुनाव में सक्रिय रहना जरूरी है, क्योंकि अब इनके भरोसे रहना आत्मघाती होगा। उन्होंने कहा क एससी, एसटी के बाद अब ओबीसी समाज के हित के बारे में भी सरकार द्वारा बातें बहुत होती हैं, लेकिन



इनके आरक्षण के बैकलॉग को भी वर्षों से नहीं भरा जा रहा हैं। इससे नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की भूमिका गौण है। इसको बदलने का चिंतन व चुनावी प्रयास दोनों बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार ने अनेकों स्मारक, स्थल, पार्क, विश्वविद्यालय, कालेज, अस्पताल के साथ नये जिले भी बनाए,

जो उनके विरोधियों को कभी अच्छा नहीं लगा। उनकी सरकार बनते ही कई के नाम ही बदल डाले। कांशीराम नगर जिले का नाम बदला गया। लखनऊ में आईआईएम के पास स्थापित मान्यवर श्री कांशीराम जी उर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी का नाम पहले सपा सरकार ने बदला और फिर भाजपा सरकार ने उसे भाषा विश्वविद्यालय बना दिया। ऐसे जातिवादी, सांप्रदायिक व संकीर्ण सोच वाली पार्टियों व इनके नेताओं से बहुजन समाज का हित व कल्याण की आशा करना रेगिस्तान में पानी तलाशने से कम नहीं है। इसीलिए सावधानी बरतनी जरूरी है। अखिलेश बोले- वंचितों को अधिकार दिलाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया-जन्मदिन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि दलितों, वंचितों एवं शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयंती पर शत शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि।स्वामी प्रसाद मौर्य ने की भारत रत्न देने की मांग-इस मौके पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के संस्थापक स्वामी प्रसाद मौर्य ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी, जो इस देश के करोड़ों-करोड़ों दलितों, वंचितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको, महिलाओं तथा पिछड़े वर्गों के मान-स्वाभिमान के प्रतीक रहे हैं, ऐसे मसीहा के जन्मदिन के अवसर पर केंद्र सरकार व महामहिम राष्ट्रपति जी से 卐भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं।

## 'अल्पसंख्यकों के मन में संघ के प्रति जो डर था वो...', ABPS का उद्घाटन कर बोले मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 15, 16 और 17 मार्च को नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी करेगा। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में आरएसएस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) का उद्घाटन किया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में आरएसएस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान आरएसएस के संयुक्त महासचिव डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि अल्पसंख्यक सक्रिय हैं। संघ को लेकर उनके मन में जो डर पैदा किया गया था, वह अब धीरे-धीरे दूर हो रहा है। उन्होंने कहा, संघ के स्वयंसेवकों को विपरीत परिस्थितियों में काम करने की आदत है और हर जगह काम बढ़ रहा है। भारत के सभी 140 करोड़ लोग हिंदू हैं क्योंकि उनके पूर्वज हिंदू थे, हमारी संस्कृति एक ही है। वे (अल्पसंख्यक) सक्रिय हैं और संघ को लेकर उनके मन में जो डर पैदा किया गया था, वह अब धीरे-धीरे दूर हो रहा है



और वे संघ के करीब आ रहे हैं। उनकी भागीदारी बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 15, 16 और 17 मार्च को नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी करेगा। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। बैठक में आरएसएस के करीब 1570 शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री और नाम में बदलाव किए-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संयुक्त महासचिव मनमोहन वैद्य ने शुक्रवार को कहा कि संघ ने अपने वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री और नाम में बदलाव किए हैं और इस साल से ही उन्हें लागू किया जाएगा। बता दें, संघ के नागपुर में शुक्रवार से शुरू हुए वार्षिक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सम्मेलन में उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। वैद्य ने कहा कि सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग, 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष, 20 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग द्वि वर्ष और 25 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग तृतीय वर्ष के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मामूली बदलाव किए गए हैं। अब उनके पास नए संघ कार्यकर्ताओं के लिए 3 दिवसीय प्रारंभिक वर्ग कार्यक्रम है। इसके बाद नए लोग प्राथमिक शिक्षा वर्ग में भाग लेंगे, जिसके बाद 15-दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग से पहले संघ शिक्षा वर्ग-प्रथम वर्ष कहा जाता था और इसकी अवधि 20 दिनों की थी। वैद्य ने कहा कि संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल प्रथम शिक्षा वर्ग में 15,000 से 17,000 युवा और प्राथमिक शिक्षा वर्ग में लगभग एक लाख युवा भाग लेते हैं। वैद्य ने कहा, आगे से संघ शिक्षा वर्ग 15 दिन का होगा। तृतीय वर्ष की कक्षा की सामग्री में थोड़ा बदलाव किया गया है।

## संपादकीय Editorial

# Why do you have to drink alcohol?

Let us give some thanks to the liquor bottles, due to which the stove of the state will burn. Prayas is asking every bottle how much intoxication will flow on the image of earnings this time. The Excise Department, which is placing bids in the service of contractors, will remove the yoke from its head and then unit by unit, the means of earning in this gathering, will become rich in front of our own poverty. Thank the people who drank more than nine crore liquor bottles in the last ten months, or praise the milk juice coming out of each bottle, which generated a yield of nine crores. If everything goes well and as per the estimate, then this time the auction of about 2100 liquor contracts will earn Rs 2700 crore and now the bottle will be found in a corner of the ration shop at the grocery store. For drinkers, now liquor bottles are also available in the queue for ration. Every excise policy is based on maximum sale of liquor, hence in the new invention the grocery corner will become a bar and liquor will be cooked in the khichdi of the department. Smart Liquor Shop is the companion of our economy in the bad days and every drunkard is singing for the government's treasury, 'Partner, extend your hand.' It is possible that in this pretext, the liquor flowing in the veins of Himachal will wash its hands in the flowing Ganga for the sake of the state. Take. Appreciate the great effort of alcohol to convert sin into virtue or sometimes look in the mirror where one family or the other is losing in terms of morality. Then what is the fault of those who talk about cheap liquor, who develop ulcers in their intestines by smacking their mouths into the pot of fake liquor? What a delicate task it is to write in small words on the liquor bottle that consuming it is harmful. The budget may not inspire drinking, but it creates a balance of earnings to save from poverty. If the habit of drinking alcohol increases this year or people who drink one bottle drink two at a time, then the Excise Department will be in trouble. Ever since civilized society has started seeing state budgets as tax-free, someone has to drink to earn. Some are drinking for the local municipal body, while others are drinking to increase the purchase of milk. Those who are unable to do so, are still squandering the government's earnings by drinking raw liquor made from jaggery. Because we want free electricity, cheap drinking water, low fare buses, schools with free education in villages without children, want to be engaged with BPL after becoming poor and want to be included in OPS in government jobs, then someone has to drink alcohol. Will happen. Therefore, look carefully at the landscape of Himachal at night and see how much the person who has fallen down after drinking is struggling for the state's funds. This is his courage that he is dying with bottle after bottle, worrying about the state's treasury, till his kidneys fail. We see the steely arms of the tax-free budget in the figures of liquor sales – how quietly the liquor sold in the peace of government promises always looks cool. It is surprising that till today the sale of liquor has not been able to see the life of a drunkard lying on a hospital bed. The state is not seeing how the wishes of the family got burnt alive due to the curse of the one who filled the treasury by drinking. I wish we could afford to be a liquor free state instead of a tax free state. Instead of increasing the sale of liquor, the state could have been honored in tax collection.


# How practical is the idea of one nation, one election?

The expenditure on all elections from Lok Sabha to local bodies is around Rs 10 lakh crore, which can be reduced to Rs 3 to 5 lakh crore by reducing the voting period. According to Rao, while Rs 1.20 lakh crore is estimated to be spent on Lok Sabha elections in 2024, Rs 3 lakh crore may be spent if all assembly elections are held together. On the possibilities and modalities of 'One Nation One Election' A high level committee headed by former President Ramnath Kovind has been active for consideration. The committee is continuously discussing with different sections of the society, constitutional and law experts, people sitting in the Election Commission and government administration as well as real stakeholders political parties. Supporters and opponents of this idea have their own arguments. In this context, the example of India's first general election held in 1951-52 is also before the country, in which not only the Lok Sabha but also the elections for the State Assemblies, Legislative Councils, Rajya Sabha and even for the President and Vice President were also conducted during the same period. The Law Commission headed by Jeevan Reddy in its 117th report in 1999 and various parliamentary committees had recommended holding simultaneous elections in the country. But the question arises whether it is so easy to implement this idea in today's situation? Apprehensions regarding simultaneous elections - It is true that in the years 1951-52, 1957, 1962 and 1967, elections for the Lok Sabha and state assemblies were held simultaneously. But today the circumstances are not at all like that. Questions are being raised on the feasibility of simultaneous elections that if simultaneous elections are held then what will happen in the first election to those Assemblies whose fixed tenure ends either before or after the proposed date of holding the elections. This is also a question whether the tenure of Lok Sabha and Legislative Assemblies should be fixed? What if by-election is required in the middle of the term? What if the ruling party or coalition loses majority in the Lok Sabha or Assemblies between their tenures? Since circumstances keep changing and holding on to one concept leads to inertia, the avenues for exploring new ideas should always remain open. Renowned researcher and analyst Dr. N. According to a study by Bhaskar Rao, the expenditure on all elections from Lok Sabha to local bodies is around Rs 10 lakh crore, which can be reduced by Rs 3 to 5 lakh crore by reducing the voting period. According to Rao, while Rs 1.20 lakh crore is estimated to be spent on the Lok Sabha elections in 2024, Rs 3 lakh crore could be spent if all the assembly elections are held together. There are a total of about 4,500 assembly seats in the country. On August 29, 2011, the government informed the Lok Sabha that a total of Rs 11,135,45,000 was spent in the 2009 Lok Sabha elections. Much more undisclosed money is spent on elections than declared, which is not accounted for and this is the real Gangotri of corruption. Obviously, the way the figures are, simultaneous elections can save money, because expenses related to security, logistics and administration will be reduced. The argument in favor of simultaneous elections is also that frequent elections disrupt the normal functioning of the government machinery. Simultaneous elections provide a more stable environment for governance, allowing elected representatives to concentrate on their duties rather than being in a constant state of election campaigning. This could lead to greater voter turnout as they would need to go to the polls only once in a few years instead of multiple times. This may reduce the election campaign period, which is quite long in India. There is also a view that the influence of money and muscle power in elections can be limited. The argument also is that this would lead to better policy continuity and long-term planning, as governments would have more stable tenures. Due to frequent elections, Model Code of Conduct is implemented in the election state or election area due to which the entire development programs and activities of the governments come to a halt. Thousands of crores will be spent on EVMs only. Despite nationwide discussions, the train of simultaneous elections, which had derailed after 1967, could not get back on track. The Election Commission of India itself realized that holding simultaneous elections would require large-scale procurement of electronic voting machines and Voter Verifiable Paper Audit Trail (VVPAT) machines. To hold simultaneous elections, the Commission expects that a total of Rs 9284.15 crore will be required at today's rate for the purchase of EVMs and VVPATs. The machines would also need to be replaced every fifteen years, which would again incur expense. Furthermore, the storage costs of these machines will increase. The biggest hurdle is constitutional provision - If seen, the biggest hurdle for implementing simultaneous elections is constitutional in which the fixed tenure of Lok Sabha and Legislative Assemblies is the biggest hurdle, hence first of all significant changes will be required in the existing provisions. For simultaneous elections, the tenure of the Assemblies will have to be made in line with the tenure of the Lok Sabha and for this, the tenure of some may have to be reduced and that of some increased, which is not possible without constitutional amendment. There may be a heavy burden on India's electoral machinery during general elections. This will require a massive effort, including security arrangements, polling stations, electronic voting machines and personnel. Coordinating it at the national level is also a difficult task. will become secondary Regional Issues -India is a diverse country, with distinct social, cultural and geographical conditions in its different states and regions. In holding simultaneous elections, either national issues or regional issues will become secondary. Regional parties are born out of regional needs for development and regional identity, hence it may be difficult for regional parties to compete effectively in elections. There is also a fear that simultaneous elections may centralize power and weaken the federal structure of the Indian political system, since when to hold elections will depend on the central government. The new tenure of the legislature will have to be fixed - To realize the idea of simultaneous elections, the Election Commission of India had also suggested measures keeping in mind the various developments that the tenure of the Lok Sabha generally begins and ends on a particular date ( and not on the date on which it completes five years from the date of its first meeting) Therefore, the tenure of all State Legislative Assemblies should also ordinarily expire on the same day as the tenure of the Lok Sabha. For this, the tenure of the existing Legislative Assemblies will either have to be increased by more than five years or reduced so that new elections can be held along with the Lok Sabha elections. The example of the first general election is in front of the country - the most vivid example of holding simultaneous elections in the whole of India is the first general election held in the year 1951-52. At that time, the nascent nation neither had the resources, nor the experience, nor did the country have the infrastructure it has today. The Election Commission of India was established on 25 January 1950 under Article 324 of the Constitution and on 21 March 1950, Sukumar Sen was appointed as the first Chief Election Commissioner and given the responsibility of conducting elections in the nascent and world's largest democracy. Now there is only talk of holding simultaneous elections of Lok Sabha and Legislative Assemblies. But in the first general election, elections for Lok Sabha, Rajya Sabha, Legislative Assemblies and Legislative Councils were held simultaneously. Immediately thereafter, elections for the President and Vice President were held. At the time of the first general elections, there were 496 seats in the Lok Sabha, out of which nominations of members were to be held from Jammu and Kashmir and Andaman and Nicobar and the remaining elections were to be held. Apart from these, nomination was to be held on 12 out of 204 seats of Rajya Sabha and 190 were to be elected on the basis of proportional representation from the three categories of states. At that time, only 7 out of 28 states had Legislative Councils in which some members were to be nominated, while one third were to be selected by the electoral college of the District Council, Municipality and Municipal Corporation, one third by the State Legislative Assemblies and a few were to be selected through graduate and teacher elections. Had to be from the area. At that time there were neither such roads nor such resources of communication. In some remote areas, wireless sets were installed for communication and there was great reliance on the post and telegraph system. Despite these challenges, the nascent nation successfully completed the world's largest electoral process.

## लोकसभा-विधानसभा चुनावों का खर्च



| राज्य | विधानसभा चुनाव | लोकसभा चुनाव 2014 |
|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | नवंबर-दिसंबर 2018 में राज्य में हुए चुनाव में एक अरब 31 करोड़ का खर्च | एक अरब 99 करोड़ |
| झारखंड | नवंबर-दिसंबर 2019 में राज्य में हुए चुनाव में 86 करोड़ खर्च हुए | 89 करोड़ 47 लाख |
| हरियाणा | अक्तूबर 2019 में राज्य में हुए चुनाव में 33 करोड़ 72 लाख खर्च हुए | 29 करोड़ |



## एक देश एक चुनाव के लिए पांच संविधान संशोधन जरूरी

- अनुच्छेद 83: संसद के सदनों की अवधि
- अनुच्छेद 85: राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करना
- अनुच्छेद 172: राज्य विधानमंडलों की अवधि
- अनुच्छेद 174: राज्य विधानमंडलों का विघटन
- अनुच्छेद 356: राज्यों में राष्ट्रपति शासन

# कुत्ते के गले में रस्सी डालकर पीटने वालों पर FIR, सामने आया VIDEO



मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में सब्जी मंडी निवासी करुणा शर्मा ने मुगलपुरा थाने की फैजगंज चौकी क्षेत्र के रितेश रस्तोगी, मोनू रस्तोगी और संजय रस्तोगी के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है।

ये सभी सराफा व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि वह मेनका गांधी की संस्था में मुरादाबाद जिले की अध्यक्ष हैं। 13 मार्च को उन्हें सोशल मीडिया से एक वीडियो प्राप्त हुआ था। ये मामला मुगलपुरा क्षेत्र का है। आरोपी फीमेल डॉग के गले में रस्सी बांधकर उसे बेरहमी से पीट रहे थे। यह अपराध पशु को जान से मारने की नियत से किया गया। इस डॉग के तीन महीने के तीन बच्चे भी आरोपियों ने गायब कर दिए हैं। करुणा शर्मा ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली थी कि सराफा व्यापारी एक डॉग को रस्सी में बांधकर मार रहे हैं तो वह मौके पर भी गई थीं। आरोपियों को बहुत समझाने का प्रयास भी किया लेकिन, वह नहीं माने थे। इसलिए उन्हें आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर लिखानी पड़ी है। शुक्रवार सुबह 11 बजे के दौरान वह घायल डॉग को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय ले जा रही थीं। उन्होंने बताया कि वह मुगलपुरा थाने आई हैं, यहां से उनके साथ एक कांस्टेबल पशु अस्पताल जा रहा है। पुलिस की मौजूदगी में डॉक्टर घायल डॉग का मेडिकल परीक्षण करेंगे।

# अब रंगों से खेलना बोरिंग लगता है..., युवाओं में समय के साथ कम हो रहा होली का क्रेज

मुरादाबाद। समय के अनुसार सब कुछ बदल जाता है। कुछ ऐसा ही मनुष्य के जीवन जीने के तरीकों में देखने को मिलता है। एक समय था जब युवाओं में होली खेलने का क्रेज रहता था। लेकिन, अब रंगों से कुछ युवा दूरी बना रहे हैं। होली पर कई लोग नशा भी करते हैं। जिससे दर्जनों सड़क हादसे होते हैं। डीजे पर होने वाले विवादों से होली खेलने का मजा भी किरकिरा हो जाता है।



हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों में होली का विशेष महत्व है। इसे लोग बेहद उत्साह से मनाते रहे हैं। लेकिन, समय बदलने के साथ युवा होली के हुड़दंग से बच रहे हैं। पहले रंगों के त्योहार में शामिल होने के लिए युवाओं में होड़ रहती थी, लेकिन वर्तमान में युवा रंगों से दूरी बना रहे हैं। समय में बदलाव हुआ तो अब त्योहार मनाने का तरीका भी बदल गया। व्यस्तता भरी जिंदगी व आधुनिकता के इस युग में युवा अपनी परंपरा व संस्कृति भूलते जा रहे हैं। अब होली का मतलब सिर्फ गुलाल लगाने भर से रह गया है। युवाओं का कहना है कि अब उन्हें रंगों से होली खेलने में ज्यादा रुचि नहीं है। होली को लेकर अब उतनी रुचि नहीं रही, बचपन में होली जमकर खेलते थे। लेकिन, अब रंगों से खेलना बोरिंग लगता है। फिजूल में विवाद भी हो जाते हैं। इसलिए न ही किसी को रंग लगाते हैं और न किसी को लगाने देते हैं।-वैशाली अब रंगों से होली बहुत ही कम खेली जाती है। ज्यादातर गुलाल से ही मौज- मस्ती काफी हो जाती है। क्योंकि, बाजार में केमिकल मिले रंग बिकने लगे हैं। इसके प्रभाव से चेहरा खराब होने की संभावना होती है, इसलिए गुलाल से ही होली खेलेंगे।-अदिति बचपन में पहले हम अपने मित्रों के साथ होली को बहुत ही उत्साह के साथ मनाते थे। लेकिन, समय के साथ दोस्तों का साथ छूटता गया। अब होली के रंग फीके से लगते हैं। अब होली का उल्लास कम हो गया है।-कुशल शर्मा इस बार की होली हम उनके साथ मनाएंगे, जिनका अपना कोई नहीं है। कोशिश करुंगा कि गुलाल और रंगों के साथ ही उनके जीवन में रंग भर सकूं।- हिमांशु शर्मा

# व्यापारियों में मारपीट, एक को जिला अस्पताल में कराया भर्तीज

मुरादाबाद। व्यापारिक प्रतिष्ठान के सामने टिनशेड रखने को लेकर व्यापारियों में आपस में मारपीट हो गई। इस दौरान एक व्यापारी घायल हो गया है, इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में मोहम्मद अजीम ने कोतवाली नगर में चार आरोपियों के विरुद्ध मारपीट के आरोप में मामला दर्ज कराया है। इसमें नसीम, इसका बेटा कलीम, भाई अफजल और भतीजे आजम नामजद हुआ है। मोहम्मद आजम ने बताया कि वह पीतल के कारोबारी हैं। पीतल धातु के दीया बनाते हैं। मारपीट करने वाले उनके पड़ासी ही हैं। वह कोतवाली क्षेत्र के बाड़ा शाह सफा के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को वह अपनी दुकान के सामने पुरानी टिन शेड को हटाकर नई टिनशेड रखवा रहे थे। मौके पर सरफराज, वलीउर्रहमान और इमरान भी थे। टिनशेड हटाने के समय पड़ोसी नसीम, अफजल, कलीम और आजम आ गए थे। ये लोग गाली-गलौज करने लगे और गोली मार देने को कह रहे थे। गाली देने से मना किया तो इन आरोपियों ने सरफराज और इमरान पर लाठी-डंडों से प्रहार करना शुरू कर दिया था। इसमें सरफराज गंभीर रूप से घायल हो हैं। इनके बाएं पैर और दांए हाथ में खुली चोट है। पैर में फैक्चर हो गया है। सिर पर भी चोट लगी है। इन्हें इलाज जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टर की सलाह पर एक्स-रे करा रहे हैं। इसी तरह इमरान के भी चोट लगी है। मोहम्मद अजीम ने बताया कि सरफराज दिल्ली से घटना के दिन ही मुरादाबाद आया था। वह दिल्ली में रहकर चार्जिंग रिक्शा चलाता है, जबकि इमरान दौलत बाग में फर्म में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि आरोपी अफजल पर पहले भी अवैध कब्जा करने के आरोप में मामले दर्ज हो चुके हैं।


# 18 से 20 तक महानगर में रहेंगे धीरेंद्र शास्त्री, सुनाएंगे हनुमंत कथा



मुरादाबाद। बाबा नीम करौली आश्रम ट्रस्ट और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता विनीत कुमार लोहिया ने की। इसमें 18 से 20 मार्च तक होने वाले धीरेंद्र शास्त्री एवं अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी दी गई। पदाधिकारियों ने बताया कि 17 मार्च को कलश यात्रा महाकालेश्वर धाम मंदिर से निकाली जाएगी।

18 मार्च को पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पीठाधीश्वर श्री बागेश्वर धाम सरकार के द्वारा हनुमंत कथा का आरंभ किया जाएगा। 19 मार्च को बाबा बागेश्वर का दिव्य दरबार लगेगा। 20 मार्च को हनुमंत कथा व्यास द्वारा सुनाई जाएगी। इसमें श्री हनुमंत कथा और दिव्य दरबार के आयोजन को भव्य बनाने के लिए धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को सहयोग के लिए जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, पार्किंग व्यवस्था, खोया पाया शिविर, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था के बारे में लोगों को जुटने के लिए कहा गया। इस दौरान विभोर कुमार गुप्ता लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, शैलेंद्र, प्रकाश गुप्ता, विनोद राय, देवेंद्र बिष्ट, संजीव आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ के बाद दिल्ली व कानपुर के लिए शुरू होगी हवाई सेवा



मुरादाबाद। हवाई अड्डा शुरू होने के बाद जल्द ही महानगर वासियों को लखनऊ के लिए उड़ान मिलने वाली है। माना जा रहा है कि अगले 10 दिन बाद मुरादाबाद से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि लखनऊ के बाद जल्द ही दिल्ली और कानपुर के लिए हवाई यात्रा शुरू कराई जाएगी। जिसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्वे कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च को मुरादाबाद को हवाई अड्डे की सौगात दी थी। हवाई अड्डे की शुरुआत के बाद अब यहां से पहली उड़ान कब होगी, इसका इंतजार किया जा रहा है। लेकिन महानगर वासियों का यह इंतजार 10 दिनों में पूरा हो जाएगा। माना जा रहा है कि अगले 10 दिनों में हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। उड़ान शुरू करने के लिए फ्यूल स्टेशन बनने का इंतजार नहीं किया जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया व फ्लाई बिग कंपनी के बीच वार्ता कर ली गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि फ्लाई बिग ने अपना सेटअप तैयार कर लिया है। 10 दिन के अंदर मुरादाबाद से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू कर दी जाएगी। किराया 1298 रुपये ही रहेगा। जिसके बाद जल्द ही दिल्ली और कानपुर के लिए हवाई यात्रा शुरू की जाएगी। क्योंकि महानगर से होने वाले निर्यात के लिहाज से पुरानी मांग दिल्ली के लिए उड़ान की ही थी। इसलिए जल्द ही दिल्ली के लिए उड़ान शुरू की जाएगी। 35 मिनट की होगी दिल्ली की उड़ान-महानगर से दिल्ली तक सड़क मार्ग से जाने में तीन से साढ़े तीन घंटे का समय लगता है। सड़क मार्ग से अधिक समय लगने के कारण कई विदेशी ग्राहक पीतलनगरी नहीं आ पाते हैं। लेकिन, हवाई यात्रा शुरू होने के बाद मुरादाबाद से दिल्ली का सफर मात्र 35 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे उम्मीद है कि पीतलनगरी से होने वाले निर्यात को पंख लगेंगे। 65 मिनट में लखनऊ पहुंचेंगे महानगरवासी-एयरपोर्ट अथॉरिटी ने उड़ान भरने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लगभग 10 दिन बाद महानगर से लखनऊ के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। सड़क मार्ग से लखनऊ जाने में लगभग छह से साढ़े छह घंटे लगते है। लेकिन हवाई यात्रा शुरू होने के बाद लखनऊ का सफर मात्र 65 मिनट में तय कर लिया जाएगा। फिलहाल ट्रकों से फ्यूल मंगाकर हवाई सेवा शुरू की जाएगी। जिसमें लगभग 10 दिन का समय लगेगा। लखनऊ के बाद दिल्ली के लिए हवाई यात्रा की योजना बनाई जा रही है। जिसके लिए कई मानकों को पूरा करना पड़ेगा। कानपुर के लिए भी फ्लाइट उड़ना तय है। यात्रियों की मांग का सबसे ज्यादा ख्याल रखा जाएगा।-अमरजीत एयरपोर्ट डायरेक्टर

# CAA लागू होने के बाद अदा की गई जुमे की पहली नमाज, सुविधा और सुरक्षा में अलर्ट रही पुलिस

मुरादाबाद। नागरिकता संशोधित अधिनियम (सीएए) के प्रभावी होने और आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट में देखने को मिला। मुगलपुरा थाना क्षेत्र में जमा मस्जिद चौराहे पर की संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने अदा काराई। इस दौरान जामा मस्जिद में हजारों की तादाद में नमाजी इकट्ठा हुए और नमाज अदा की। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने नमाज अदा कराने के बाद मुल्क में चैन तरक्की अमन और भाईचारे की दुआ की। इस दौरान सीओ कोतवाली कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में थाना पुलिस और एक प्लाटून पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस मुख्यालय से अलर्ट भी जारी किया गया था।



सीओ कोतवाली ने बताया कि जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त प्रबंध करते हुए सतर्कता बढ़ाई गई थी। नमाजियों की सुविधा के लिए मस्जिदों के पास भी अतिरिक्त प्रबल के तैनाती की गई है।असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी जा रही है। इसी तरह जिले अन्य हिस्सों में भी मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई थी। जिले में इसी तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल जुम्मे की नमाज संपन्न कराई गई है। आपको बता दें कि देशभर में सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट लागू होने के बाद जुम्मे की नमाज को लेकर यूपी में अलर्ट जारी किया गया था। वहीं माहे रमजान का पहला जुम्मा होने की वजह से भी पुलिस सतर्क रही। मुरादाबाद की जामा मस्जिद, मंडी चौक शाही मस्जिद, जियारत साहब शाह बुलाकी साहब वाली मस्जिद, मस्जिद जामे नईमिया दीवान बाजार, मस्जिद अंगूर वाली तहसील स्कूल, मस्जिद मौलाना वाली तंबाकू वालान मोहल्ला, मस्जिद कचहरी वाली, मस्जिद अंगूर वाली नई सड़क, मस्जिद शाह वालीउल्लाह रहती स्ट्रीट समेत तमाम मस्जिदों में शांतिपूर्वक तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई।

# एक अदत नाजायज चाकू के सात गिरफ्तार किया भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ



मुरादाबाद- पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सर्किल सहारनपुर श्रीमति श्वेता आशुतोष ओझा के निर्देशन में आज दिनांक 15.03.2024 को मुझ थानाध्यक्ष उधम सिंह तालान के कुशल नेतृत्व द्वारा मय टीम के चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला रेतेवाला झीमर वाले शिव मन्दिर के पास कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली उम्र 26 वर्ष को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेला भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्तः -आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र जरीफ निवासी मौहल्ला रेते वाला झींमर वाले शिव मन्दिर के पास कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली उम्र-26 वर्ष।

# मुरादाबाद रमज़ान का पहला जुम्मा इबादत में झुके रोज़दारो के सर दुआ में उठे हाथ



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- शहर की जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा करने बड़ी तादाद में पहुंचे रोज़दार मुरादाबाद-रमज़ान के पहले जुम्मे पर पुलिस का सख्त पहरा नमाज को लेकर जामा मस्जिद पर सुरक्षा चाक चौबंद की गई ष्ट लागू होने के बाद जुम्मे के दिन पुलिस हाई अलर्ट जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जुम्मे की नमाज जामा मस्जिद पर भारी संख्या में लोगों के द्वारा पढ़ी गई नमाज मुगलपुरा की जामा मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज संपन्न हुई

# घर में अकेली युवती ने लगा ली फांसी, परिजनों ने देखा तो मच गया कोहराम, डिडौली का मामला

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- डिडौली में युवती ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से मानसिक तौर पर परेशान थी। डिडौली में परिजनों की गैर मौजूदगी में अन्नु (24) ने घर के कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी। खेत से लौट के आने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। अन्नु डिडौली कोतवाली क्षेत्र के शरीफपुर सिनौरा गांव के रहने वाले किसान पप्पू की बेटी थी। चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की अन्नु के पिता पप्पू भट्ठे पर ईंट थापने का काम करते हैं। बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे पप्पू अपनी पत्नी सुमन और बेटे प्रियांशु के साथ काम करने चले गए थे। यहां से ही उनकी पत्नी सुमन और बेटा प्रियांशु खेत पर गन्ना छीलने चले गए थे। करीब आठ बजे बेटा प्रियांशु घर वापस पहुंचा तो अन्नु घर में दिखाई नहीं दी। इसके बाद प्रियांशु कमरे में पहुंचा तो अन्नु का शव फंदे पर रस्सी के सहारे लटका हुआ था। अन्नु ने घरेलू विवाद के चलते फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि युवती ने आत्महत्या की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डॉक्टर बनने की खुशी में की थी पार्टी... मौत खींच ले गई, शादी से एक माह पहले ही टूटी दीपक की जिंदगी की डोर



नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात हुए हादसे में राजश्री मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों छात्र अंतिम परीक्षा देने के बाद डॉक्टर बनने की खुशी में पार्टी करके लौट रहे थे, इस बीच दो को मौत ने आगोश में ले लिया।हादसे में मृत दीपक भाटी फरीदाबाद (हरियाणा) के साम भुवानी सेक्टर-89 और राहुल कुमार बिहार के सीवान जिले पकड़ी मोड़ गोशाला रोड के निवासी थे। वे एमबीबीएस 2019 बैच के छात्र थे। घायल किशन यादव उर्फ कृष्णा संभल जिले के गुन्नौर में मनोहर वाटिका चंदौसी रोड और आयुष पोरवाल इटावा के राजागंज पाली रोड भरथना के निवासी हैं। चारों की उम्र 23 से 24 साल के बीच है। ये दोनों भी एमबीबीएस 2019 बैच के छात्र हैं। चारों छात्रों की एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा चल रही थी। कॉलेज की प्रशासक संजू जोशी ने बताया कि बुधवार को इन लोगों का अंतिम पेपर था। वह बरेली के एक मेडिकल कॉलेज से परीक्षा देकर निकले थे। अंतिम पेपर होने के कारण चारों पार्टी करने के लिए बरेली में ही रुक गए। बुधवार रात जब कॉलेज की ओर लौट रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। दीपक और राहुल मध्यमवर्गीय परिवार से थे। उन्होंने गरीबी और गांव व कस्बों में इलाज की व्यवस्था न होने की स्थिति करीब से देखी थी। शायद इसीलिए दोनों की सोच डॉक्टर बनकर ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों का इलाज करने की थी। दीपक भाटी घर-घर जाकर असहाय लोगों का इलाज करने की बात कहता था। राहुल का सपना ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल बनाकर गरीबों का निशुल्क इलाज करने का था। क्रेन मंगाकर हटवाई कार-हादसे की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी धनंजय पांडेय की अगुवाई में पुलिस ने पहले बिजली आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद क्रेन मंगवाकर चारों को कार से बाहर निकाला। बाद में कार भी हटवाई। एक महीने बाद थी दीपक की शादी-दीपक के चाचा नैन सिंह फरीदाबाद से भतीजे का शव लेने आए थे। उन्होंने बताया कि दीपक पांच साल से यहीं पढ़ रहा था। उसका एमबीबीएस पूरा हो गया था। बस रिजल्ट आने की देर थी। उन लोगों ने उसकी शादी तय कर दी थी। तिलक व गोद भराई की रस्में हो चुकी थीं। 18 अप्रैल को उसकी शादी होनी थी। इससे पहले ये हादसा हो गया।

# CM को ऐसा महसूस हुआ होगा कि उन्हे धक्का लगा, ममता बनर्जी पर दिए बयान से पलटे डॉक्टर, दी सफाई



अस्पताल के निदेशक मणिमोय बंद्योपाध्याय ने खुलासा करते हुए कहा था कि सीएम को किसी ने पीछे से धक्का दिया था। इस पर टीएमसी समर्थकों ने मांग की कि ममता बनर्जी को एनएसजी सुरक्षा दी जाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सिर और नाक पर आई चोट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामला उस समय बिगड़ गया, जब गुरुवार को सरकारी अस्पताल के डॉक्टर ने यह दावा किया कि बंगाल सीएम को किसी ने पीछे से धक्का दिया था। हालांकि, बढ़ते विवाद को देखते हुए अब एसएसकेएम अस्पताल के निदेशक मणिमय बंदोपाध्याय ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके कहने का यह मतलब था कि मुख्यमंत्री को ऐसा महसूस हुआ होगा कि उन्हे धक्का लगा है।बंदोपाध्याय ने कहा, मुख्यमंत्री को ऐसा महसूस हुआ होगा कि उन्हे पीछे से धक्का लगा, जिससे वह गिर गईं। हमारा काम इलाज करना है और हमने ऐसा ही किया। उन्होंने कहा, कल शाम मैंने जो कहा उसे गलत तरीके से लिया गया। कल घर में गिर गई थीं सीएम-अस्पताल के निदेशक मणिमोय बंद्योपाध्याय ने बताया था कि शाम करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली की मुख्यमंत्री गिर गई हैं। उन्हें सिर पर चोट आई है। माथे और नाक पर चोट आई है। उनके माथे से खून बह रहा था। माथे पर तीन और नाक पर एक टांका लगाया गया। उनका ईसीजी और सीटी स्कैन भी किया गया। करते हुए कहा था कि उन्हें किसी ने पीछे से धक्का दिया था। संवाददाताओं से सीएम की भाभी काजरी बनर्जी ने कहा था कि सुना है, उन्हें पीछे से कोई धक्का लगा है। लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि धक्का किसने मारा है। धक्का गलती से मारा है या जानबूझकर। मामले में अब षड्यंत्र की बात उठने लगी है। बता दें, टीएमसी समर्थकों ने मांग की थी कि ममता बनर्जी को एनएसजी सुरक्षा दी जाए। उनका कहना था, %हमें बंगाल पुलिस पर भरोसा नहीं है।% हालांकि, धक्का मारने के एंगल की जांच की जा रही है। फिलहाल कोई शिकायत दर्ज नहीं-मणिमोय बंद्योपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री की हालात फिलहाल स्थिर है। वह आराम कर रही हैं। उनकी देखरेख की जा रही है। मुख्यमंत्री के गिरने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर एक पुलिस अधिकारी ने कहा, %अब तक, उनके गिरने के संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। हमने मुख्यमंत्री आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।%यह है पूरा मामला- तृणमूल के एक्स हैंडल (पूर्व में ट्विटर) ने ममता की तस्वीर जारी की थी। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता गुरुवार को कालीघाट आवास परिसर में टहल रही थीं। उसी समय वह गिर गईं। तुरंत उन्हें घर के अंदर ले जाया गया। उसके बाद उन्हें एसएसकेएम अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था। डॉक्टरों ने कहा था कि माथे पर टांके लगाने होंगे। बताया जा रहा है कि चोट काफी गहरी है।

# लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले अखिलेश को बड़ा झटका, दो पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा; भाजपा में शामिल






समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का दो पूर्व विधायक ने साथ छोड़ दिया है। उनके साथ सपा से जिलाध्यक्ष रहे नेता भी भाजपा में शामिल हुए हैं। आगरा से बाह से पूर्व विधायक व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल सिंह लोधी व भगत सिंह बघेल ने शुक्रवार को लखनऊ में भाजपा में शामिल हो गए। सपा के लिए इसे झटका माना जा रहा है। मधुसूदन की पहचान एक ब्राह्मण चेहरे के रूप में रही है। भाजपा विधायक डा धर्मपाल ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व डिप्टी सी एम ब्रजेश पार्टी ने सपा नेताओं को पार्टी में ज्वाइन कराया।आठ पार्षदों सहित विपक्षी दलों के नेताओं ने थामा भाजपा का दमन-वहीं आगरा में भरत शर्मा पार्षद निर्दलीय, ऋषभ गुप्ता निर्दलीय, श्रीमती कंचन बंसल निर्दलीय, लाल सिंह कुशवाहा पार्षद निर्दलीय, विमलेश कुमारी पार्षद निर्दलीय, विमलेश प्रजापति पार्षद बसपा, हर्षित शर्मा पार्षद निर्दलीय, दीपक वर्मा पार्षद बसपा, भगवानदास प्रजापति पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर बसपा सहित सैकड़ो विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के नेतृत्व में ग्रहण की। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपीसिंह बघेल, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा, पूर्व मंत्री डॉ जी एस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, लोकसभा संयोजक टीएन अग्रवाल, लोकसभा प्रभारी सुनील टंडन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट एजेंसी के पूर्व कर्मियों ने लीक किया था सिपाही भर्ती का पेपर, अब तक 396 आरोपी गिरफ्तार



यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि पेपर लीक मामले में अब तक 396 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ट्रांसपोर्ट एजेंसी के पूर्व कर्मियों ने पेपर लीक किया था।सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गैंग के तीन लोगों को एसटीएफ ने गाजियाबाद से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों पेपर लाने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं, जिन्होंने मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा के साथ मिलकर वेयरहाउस से पेपर की फोटो खींची थी और इसे लाखों रुपए लेकर बेचा था।

एसटीएफ आरोपी राजीव की अभी तलाश कर रही है।डीजीपी प्रशांत कुमार और एडीजी कानून व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि प्रयागराज के अभिषेक कुमार शुक्ला, मिर्जापुर के शिवम गिरि और भदोही के रोहित कुमार पाण्डेय अहमदाबाद की टीसीआई एक्सप्रेस कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं।उन्होंने वेयरहाउस में रखे पेपर के बक्से का कब्जा खोलकर आईफोन से फोटो ली थी। राजीव नयन ने बक्सा खोलने में माहिर पटना निवासी डॉ. शुभम मंडल को बुलाया था जिसे एसटीएफ हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं राजीव नयन मिश्रा ने अपने साथी रवि अत्री के साथ पेपर को विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेन्द्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड (नेचर वेली रिसोर्ट का मालिक), नीटू, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीबुड रेस्टोरेंट सोनीपत हरियाणा का मालिक) आदि को दिया था। राजीव नयन पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर चुका है। उसा नाम हाल ही में आयोजित आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक करने में भी आया है। डीजीपी ने बताया कि सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में अब तक 396 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से 54 को एसटीएफ ने पकड़ा है

## संक्षिप्त समाचार

# वारंटी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा ! वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज शुक्रवार को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से 09 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिनमें थाना कोतवाली नगर से अरविन्द पुत्र गजराज बढई निवासी उपकार नगर पीपल अड्डा, पदम सिंह पुत्र होरीलाल निवासी न्यू रेवाडी मौहल्ला , वसीम अहमद उर्फ वन्टी पुत्र मौ0 सलीम निवासी वावूगंज , मुव्वशिर अहमद पुत्र तुफैल अहमद निवासी जीटी रोड अस्पताल के सामने , रंजीत पुत्र विनोद निवासी हिन्दू नगर ,राजेन्द्र पुत्र लालाराम निवासी चौचा वनगाँव विनोद शर्मा पुत्र दलवीर सिंह निवासी विकास नगर , रतन पुत्र गोवर्धन निवासी मौ0 दिनेश नगर थाना कोतवाली नगर सहित थाना सकीट से मुस्तकीम बंजारा पुत्र सतत बंजारा नि0 रीछपुरा थाना सकीट प्रमुख है!



# विकासखंड हरिहरपुर रानी के ग्राम पंचायत भंगही में अवैधतरीके से सरकारी पैसे का हो रहा दुरुपयोग


क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - विकासखंड हरिहरपुर रानी ग्राम पंचायतभंगही के प्रधान द्वारा अप तरीके से सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है जिसके लिए अधिकारियों को अवगत कराया जाता है लेकिन अधिकारी अवैध कार्यों की जांच नहीं करते हैं पूर्व में गलत कार्यों की वजह से सचिव मनीष मौर्य को सस्पेंड किया गया मौजूदा सचिव फौजदार आर्य प्रधान लक्ष्मी शरण के के द्वारा जिस कार्य को किया नहीं गया उसका भी पैसा निकाला गया लक्ष्मी सरन ने अपने ही खेत में खड़ंजा लगाया सरकारी फंड से पैसा निकाला जिसकी बिना जांच किया सजिव फौजदार आर्य द्वारा पैसा निकलवा दिया गया इसी प्रकार से ग्राम सभा में अवैध कार्यों अंजाम दे रहे मौजूद प्रधान के साथ सचिव सहित पंचायती राज विभाग मिली भगत करके ग्राम सभा के गरीब जनता की सुविधाओं को दरकिनार करते हुए सरकारी पैसे का बंदरबाट कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है और ग्राम पंचायत भंगही के प्रधान की संबंधित अधिकारी जांच करके कार्रवाई करें ताकि सरकारी पैसे का दुरुपयोग ना हो सके



# चारा लाते समय बुग्गी पलटी, वृद्ध की हुई मौत, परिवार में छाया मातम

